आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 18.08.2024 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा –प्रदेश में युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता।
- एक सितम्बर से भारतीय जनता पार्टी देशभर में सदस्यता अभियान चलायेगी।
- प्रदेश में रेजीडेंट और निजी चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त होने के बाद चिकित्सा सेवाएं हो रही हैं सामान्य ।
- रक्षा बंधन के त्योहार पर महिलाओं को राज्य सरकार ने दी सौगात– आधी रात से रोडवेज बसों में मिलेगी मुफ्त यात्रा की सुविधा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक युवा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। श्री शर्मा आज सीकर के एक शिक्षण संस्थान में पंडित हरिनाथ चतुर्वेदी और संत शिरोमणि मकड़ीनाथ जी महाराज के मूर्ति अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ धोखा करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता के साथ इस साल एक लाख भर्तियों के लक्ष्य के साथ अगले पांच वर्षों में 4 लाख भर्तियां की जाएंगी। राज्य सरकार अगले पांच सालों में निजी क्षेत्र के साथ मिलकर कुल 10 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन करेगी। श्री शर्मा ने कहा कि बजट में सीकर जिले को कई सौगातें दी गई है। साथ ही तीस सालों से लम्बित यमुना जल समझौते को पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल राज्य सरकार ने बिजली और पानी पर विशेष ध्यान दिया है।

...................

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज जयपुर में 'देह–दान करने वाले परिवारों' का सम्मान किया। दधीची देहदान समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 254 देहदानी परिवारों और त्वचा का दान करने वाले 23 दानियों के परिवारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के अलावा केन्द्रीय सड़क और परिवहन राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति आज से दो दिन प्रदेश के दौरे पर हैं।

0000

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण – सीसीपीए ने कोचिंग संस्थान श्रीराम्स आईएएस पर यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2022 के परिणामों के संबंध में फर्जी और भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने पर तीन लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि यह निर्णय उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए लिया गया है। इससे वस्तु या सेवा में फर्जी या भ्रामक विज्ञापन रोकने में मदद मिलेगी। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों के उल्लंघन के संदर्भ में सीसीपीए की प्रमुख मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा ने श्रीराम्स आई ए एस के भ्रामक विज्ञापन को तत्काल प्रभाव से रोकने के आदेश दिए हैं। श्रीराम्स आईएएस ने

विज्ञापन में दावा किया था कि उनकी संस्थान के दो सौ से अधिक प्रत्याशियों का चयन हुआ है जबकि यह संख्या एक सौ 71 थी।

000

भारतीय जनता पार्टी 1 सितम्बर से देशभर में सदस्यता अभियान चलायेगी। भाजपा पदाधिकारियों की नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य 10 करोड से अधिक पार्टी सदस्यों को जोडना है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में चुनाव की घोषणा हुई है वहां विधानसभा चुनावों के बाद सदस्यता अभियान शुरू होगा। श्री पात्रा ने कहा कि मिस्ड कॉल, क्यूआर कोड, नमो एप और भाजपा की वेबसाइट के माध्यम से नए सदस्य जोडे जायेंगे। श्री पात्रा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पार्टी का आधार बढाना और इसकी विचारधारा का प्रसार करना है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की।

इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस बीच सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने आज जयपुर में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली। भाजपा ने सदस्यता अभियान को लेकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी को संयोजक बनाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने बताया कि राज्य के 51 हजार बूथों पर 200–200 सदस्य बनाये जायेंगे।

000

....................

प्रदेश में रेजीडेन्ट डॉक्टरों और निजी चिकित्सकों की 24 घंटे की हड़ताल के बाद आज चिकित्सा सेवायें फिर से सामान्य होने लगी है। हालांकि आज भी कुछ अस्पतालों में चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। कुछ जगहों पर केंडल मार्च और श्रद्धाजंलि सभाएं भी रखी गई है। दूसरी ओर अधिकांश अस्पतालों में आज ओपीडी, आईपीडी और इमरजेंसी सहित सभी आवश्यक सेवायें सुचारू हो गई है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राजधानी के दूसरे अस्पतालों का दौरा कर चिकित्सा सेवाओं का जायजा लिया। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। इस बीच कोलकाता में महिला चिकित्सक दुष्कर्म और हत्या मामले में सीबीआई जांच जारी है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है ताकि स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाया जा सके।

000

कल संस्कृत दिवस मनाया जायेगा। ये दिन विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक संस्कृत के व्यापक प्रचार प्रसार और आमजन में इसके प्रति जागरूकता के लिए मनाया जाता है। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने संस्कृत दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत सिर्फ भाषा नहीं है बल्कि यह हमारे देश की गौरवमयी संस्कृति है। श्री बागड़े संस्कृत दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद आकाशवाणी और डीडी राजस्थान पर प्रदेशवासियों के नाम संबोधन देंगे।

000

वीर दुर्गादास राठौड़ की 386वीं जयंती पर आज जोधपुर में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। डॉ. एस. एन मेडिकल कॉलेज में सभागार में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि वीर दुर्गादास राठौड स्वामी भक्ति और मातृ भूमि को संरक्षित करने का इतिहास में सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व नरेश गजसिंह ने कहा कि वीर दुर्गादास राठौड के शौर्य, स्वामी भक्ति और जोधपुर राज्य के लिये किये गये त्याग और संघर्ष को हमेशा याद किया जाएगा। समारोह में 20 प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया।

000

भाई बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षा बंधन का पर्व कल मनाया जायेगा। इससे पहले आज बाजारों में राखीयां और मिठाई खरीदने को लेकर भीड देखी जा रही है। राजधानी जयपुर में छुट्टी के दिन आज बाजारों में खासी रौनक बनी हुई है। रक्षा बंधन पर राजस्थान रोडवेज की ओर से महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सौगात दी गई है।

आज आधी रात से प्रदेश की सीमा में वोल्वो और एसी बसों को छोडकर सभी रोडवेज बसों में महिलाओं का सफर मुफ्त रहेगा। इधर सरहद पर तैनात जवानों को राखी बांधने जयपुर से रवाना हुए महिलाओं के दल ने उत्तरकाशी में आई.टी.बी.पी. जवानों को रक्षा सूत्र बांधे और शुभकामनाएं दी। उधर जैसलमेर में रक्षा पावन पर्व पर जवाहर जिला अस्पताल में भर्ती सभी महिला रोगियों को जरूरत होने पर बिना रिप्लेसमेंट के रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। डूंगरपुर सहित प्रदेश की वीरांगनाओं को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस बार रक्षा बंधन संदेश भेजा है। जिले की वीरांगना बहनों को जिला कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों ने घर पहुंचकर संदेश पत्र और 2100 रूपये की राशि भेंट की। जैसलमेर, भीलवाडा और पाली जिले में भी शहीदों की वीरांगनाओं को श्रीफल और शॉल ओढाकर 21 सौ रूपये की राशि नकद दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का संदेश पत्र भी सौंपा गया।

000

प्रदेश में भारी बारिश का दौर थमने के बाद अब हालात सुधरने लगे है। आज अधिकांश स्थानों पर धूप खिली और मौसम खुशनुमा बना रहा। पश्चिमी जिलों में कुछ स्थानों पर कल रात हल्की बारिश दर्ज की गई। पिछले चौबीस घंटों में जैसलमेर के सम में सबसे से ज्यादा 8 सेंटीमीटर बारिश दर्ज हुई। इधर जैसलमेर के चांधन में अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे शुरू किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन निचले इलाकों से पानी निकासी में जुटा हुआ है।

...............

हनुमानगढ़ जिले के प्रसिद्ध भद्रकाली मंदिर के पास आज घग्गर नदी का पानी पुल के बराबर बहने लगा। इसको देखते हुए प्रशासन ने पुल पर आवाजाही बंद कर दी है। बीकानेर शहर में बारिश से जर्जर मकानों को गिराने के लिए जिला प्रशासन ने मकान मालिकों को नोटिस दिया है। नगर निगम ने शहर में ऐसे 90 मकान चिन्हित किए है। उधर  बारां के शाहाबाद क्षेत्र में तालाब की पाल टूटने से देवरी क्षेत्र के कई गांव जलमग्न हो गए। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों को जल भराव स्थल से दूर रहने की सलाह दी है। मौके पर एनडीआरएफ की टीम तैनात की गई है। जयपुर जिले के बस्सी क्षेत्र में हींगोनिया गौशाला के पास ढूंढ

नदी और चाकसू क्षेत्र में पानी में डूबे दो लोगों के शवों को एनडीआरएफ की टीम और प्रशासन ने निकाल लिया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर और जोधपुर संभागों में कल कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना है।

000